CBR

छावनी परिषद, रुड़की

छावनी परिषद् रूड़की

लालकुर्ती, रूड़की कैन्ट, रूड़की, जिला– हरिद्वार, उत्तराखण्ड–247667

CANTONMENT BOARD ROORKEE

LALKURTI, ROORKEE CANTT, ROORKEE DISTT- HARIDWAR, UTTARAKHAND-247667

आज़ादी का अमृत महोत्सव

01332-274813 | ceoroor-stats@nic.in | roorkee.cantt.gov.in

सं०/No. RK/AUCTION/ | दिनांक/Dated: 12. 04.2024

किफायती मरम्मत से परे वाहन की नीलामी

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय छावनी परिषद रूड़की द्वारा अपलेखित निम्नांकित शासकीय वाहन का निविदा द्वारा विक्रय किया जाना प्रस्तावित है। जिसके लिए मुहरबंद लिफाफे में रजिस्र्टड/स्पीड पोस्ट/व्यक्तिगत रूप के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जा रही है।

क0सं0	वाहन का कमांक व मांडल	वाहन का प्रकार व पी0ओ0एल0	स्थान जहां वाहन उपलब्ध है।	आफसेट प्राईस
1	यू०के०–08–जी0ए0–0165 (2011)	एच0एम0	कार्यालय छावनी परिषद रूड़की	रू 40000/–

नियम व शर्त–

1– आवेदनकर्ता को निविदा में भाग लेने के लिए कार्यालय छावनी परिषद रूड़की में अनिवार्य रूप से रजिस्ट्रेशन (रू 500/– गैर वापसी) केवल ई छावनी के माध्यम से कराना होगा अन्यता आवेदनकर्ता निविदा में भाग नही ले सकता।

2– रजिस्ट्रेशन दिनांक 15.04.2024 से दिनांक 22.04.2024 तक कार्यालय छावनी परिषद रूड़की में आवेदनकर्ता द्वारा आधार कार्ड तथा पैन कार्ड की कापी जमा कर के करा सकते है।

3– निविदा सीलबंद लिफाफे में मुख्य अधिशासी अधिकारी, कार्यालय छावनी परिषद रूड़की को सम्बोधित कर भेजी जायेगी। लिफाफे के ऊपर वाहन क्रमांक यू०के०–08–जी0ए0–0165 (2011) हेतु निविदा अंकित किया जाना अनिवार्य होगा।

4– निविदाकार को निविदा के साथ धरोहर ई छावनी के माध्यम से जमा किया जाना अनिवार्य होगा अन्यथा उनकी निविदा नहीं खोली जाएगी।

5– आवेदन का निर्धारित प्रारूप कार्यालय छावनी परिषद रूड़की द्वारा रजिस्ट्रेशन कराने के पश्चात (रू 500/– गैर वापसी) निविदा शुल्क जमा कर के प्राप्त करेंगे ।

6– वाहन जहां पर जैसी हालत में है यहीं से उठाना होगा। निविधा राशि अंको व शब्दों में अंकित करना होगा। राशि अंकन में किसी प्रकार की काट–छाट व सुधार होने की दशा में निविदा मान्य नहीं होगी।

7– जिस निविदाकार की निविदा स्वीकृत की जावेगी उन्हें निविदा की सम्पूर्ण राशि सूचना प्राप्ति के तीन दिवस के अन्दर ई छावनी के माध्यम से जमा कर वाहन उठाना अनिवार्य होगा ।

8– निविदा को अस्वीकार करने का संपूर्ण अधिकार अधोस्ताक्षरी को होगा जिसके लिए किसी भी प्रकार का कारण बताना आवश्यक नहीं होगा।

9– मुहरबंद निविदा दिनाक 24.04.2024 को सायं 4.00 बजे तक कार्यालय छावनी परिषद रूड़की में जमा करवाई जा सकेगी समयावधि के पश्चात प्राप्त होने वाली निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

10– नियत समय तक प्राप्त निविदाएं दिनाक 24.04.2024 को सांय 4.30 बजे कार्यालय छावनी परिषद रूड़की में खोली जावेगी। निविदाकर अथवा उसके अधिकृत प्रतिनिधि निविदा खोलने के समय उपस्थित रह सकते है।

11– निविदा स्वीकृति पश्चात केता को परिवहन विभाग से वाहन का पंजीकरण स्वयं के नाम कराना होगा

12– निर्वर्तन हेतु प्रस्तावित वाहन शासकिय कार्य दिवस में प्रातः 11:00 बजे से सांयं 5:00 बजे तक कार्यालय छावनी परिषद रूड़की परिसर में देखा जा सकता है।

13– निविदा पूर्ण होने के पश्चात वाहन के सम्बन्ध में कार्यालय की किसी भी प्रकार की कोई जिम्मेदारी नही होगी।

14– उच्चतम बोलीदाता द्वारा उक्त वाहन का उपयोग मोटर वेहिकल एक्ट के अनुसार ही किया जायेगा।

सारस्वत

मुख्य अधिशासी अधिकारी
छावनी परिषद् रूड़की

प्रतिलिपि :–

1. कार्यालय अधीक्षक	–	फाईल करने हेतु।
2. कनिष्ड अभियन्ता	–	फाईल करने हेतु।
3. कम्प्यूटर प्रोग्रामर छावनी परिषद रूड़की	–	निविदा को कार्यालय की अधिकारिक वेबसाईट पर प्रकाशित करने हेतु।
4. नोटिस बोर्ड, कार्यालय	–	चस्पा करने हेतु।
5. नोटिस बोर्ड, बाजार	–	चस्पा करने हेतु।